# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (25.04.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 25.04.2025, PAGE-04**

### बीआरएबीयू में हुई नामांकन समिति की बैठक में लिया गया फैसला

# पीजी में बढ़ेंगी 10% सीटें नये सत्र से होगा लागू

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू में पीजी के सात विषयों में दस प्रतिशत सीटें बढ़ेंगी। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में गुरुवार को नामांकन समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। जिन विषयों में दस प्रतिशत सीटें बढ़ाई जायेंगी, उनमें जूलॉजी, कॉमर्स, हिन्दी, हिस्ट्री, साइकोलॉजी, राजनीति विज्ञान और गणित शामिल हैं।

डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि अगले सत्र से यह सीटें इन विषयों में बढ़ेंगी। अगले सत्र से पीजी में दाखिला प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। नामांकन समिति की बैठक में स्नातक में भी दाखिला प्रवेश परीक्षा से लेने की बात कही गई, लेकिन सदस्यों ने कहा कि इसपर अगले साल से विचार किया जायेगा।

बैठक में तय किया गया कि स्नातक में सीटें बढ़ाने के लिए एक कमेटी का गठन किया जायेगा। यह कमेटी देखेगी कि किस कॉलेज को कितनी सीटों की जरूरत है। पहले अंगीभूत कॉलेजों में सीट बढ़ाई जायेगी और उसके बाद सम्बद्ध कॉलेजों की सीट बढ़ाई जायेगी। बैठक में स्नातक में कोटे के तहत होने वाले दाखिले पर भी चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि दाखिले से पहले कोटे में कितनी सीट है यह तय हो जायेगी। इसकी संख्या विवि को कॉलेज की तरफ से भेज दी जायेगी। कुछ सदस्यों ने ऑनस्पॉट एडमिशन बंद करने की भी बात कही। एक सदस्य ने कहा कि जो छात्र कक्षा नहीं करें, उनका नाम काट दिया जाये। अन्य सदस्यों ने इसका विरोध किया। बैठक में तय किया गया कि कक्षा के लिए सभी कॉलेज और विभागों में सख्ती बरती जायेगी। बैठक में प्रो. ममता रानी, प्रो. सतीश कुमार राय, प्रो. शिवानंद सिंह, प्रो. वीएस राय, प्रो. संजय कुमार, प्रो टीके डे आदि शामिल हुए।



- अगले सत्र से प्रवेश परीक्षा के जरिये नामांकन
- कॉलेज की मांग पर स्नातक में भी बढ़ेंगी सीटें

### विवि में वोकेशनल का रिजल्ट जारी, पेंडिंग जीरो

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू मे गुरुवार को वोकेशनल कोर्स का रिजल्ट जारी हो गया। कुल 6937 छात्रों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा में 600 छात्र फेल कर गये हैं। कुछ छात्रों का रिजल्ट अबसेंट है। इन छात्रों ने ओएमआर शीट पर गलत रोल नंबर भर दिया था। प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय और परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान ने बताया कि वोकेशनल की परीक्षा में एक भी छात्र का रिजल्ट पेंडिंग नहीं है। जीरो पेंडिंग पर पहलीबार रिजल्ट जारी हुआ है। दोनों अधिकारियों ने कहा कि कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की तत्परता के कारण जीरो पेंडिंग रिजल्ट हुआ है।

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:25.04.2025, PAGE-06

# पीजी में नामांकन को होगी प्रवेश परीक्षा

## बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की एडमिशन कमेटी के बैठक में लिया गया फैसला

- उपलब्ध इंफ्रास्टक्चर के आधार पर अधिकतम बढ़ेंगी 10% सीटें
- परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर बनेगी मेरिट लिस्ट
- सीट वृद्धि और नामांकन प्रक्रिया को लेकर लिया गया निर्णय

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब पीजी में नामांकन संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगी। प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय स्तर से आयोजित होगी। प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट बनेंगे। इसके आधार विद्यार्थियों को विभाग या कालेज आवंटित किया जाएगा। वहीं अगले सत्र से कालेजों में सीट बढ़ाने पर भी सहमति बन गई है। कालेजों की डिमांड और वहां उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर के आधार पर अधिकतम 10 प्रतिशत सीट बढ़ेगी।

कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में गुरुवार को विश्वविद्यालय के नए गेस्ट हाउस में एडमिशन कमेटी की बैठक हुई। इसमें पीजी में सीट वृद्धि और नामांकन प्रक्रिया को लेकर निर्णय लिया गया। विश्वविद्यालय में सत्र 2018-20 से पीजी में सीबीसीएस लागू है। हालांकि अब तक विश्वविद्यालय स्तर से मेरिट लिस्ट से नामांकन लिया जाता रहा है।



विश्वविद्यालय में नामंकन समिति की बैठक करते कुलपति प्रो . डीसी राय व अन्य • जागरण

**सत्र 2025-27 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने के प्रस्ताव पर स्वीकृति :** सत्र 2025-27 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने के प्रस्ताव पर एडमिशन कमेटी ने स्वीकृति दे दी। कुलानुशासक प्रो. बीएस राय ने बताया कि अगले सत्र से प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं पीजी में सीट बढ़ाने पर भी सहमति बन गई है। कालेजों की डिमांड के आधार पर पर संबंधित विषयों में अधिकतम 10 प्रतिशत तक सीट बढ़ाई जाएगी। वहीं, स्नातक के लिए सीट बढ़ाने के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय स्तर से जांच के बाद मंजूरी दी जाएगी। स्नातक सत्र 2025-29 में नामांकन के लिए सीट वृद्धि पर निर्णय इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच के बाद लिया जाएगा।

**तीन सदस्यीय कमेटी गठित की जाएगी :** बैठक में कालेज की ओर से आए प्रस्ताव पर कुलपति प्रो. राय ने कहा कि इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की जाएगी। कालेजों में लैब, कमरा व शिक्षकों की स्थिति देखने के बाद कमेटी कला, विज्ञान व कामर्स में सीट बढ़ाने की अनुशंसा करेगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 25.04.2025, PAGE-04

## नामांकन समिति. पीजी में सीट वृद्धि व नामांकन प्रक्रिया पर निर्णय

# संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही अब होगा पीजी में नामांकन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में अब पीजी में नामांकन संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगी. विवि के नये गेस्ट हाउस में कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में एडमिशन कमेटी की बैठक हुई. इसमें पीजी में सीट वृद्धि और नामांकन प्रक्रिया को लेकर निर्णय लिया गया. जिसके तहत पीजी में नामांकन के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर परीक्षा आयोजित की जाएगी.

वहीं मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों को विभाग या कॉलेज आवंटित किया जाएगा. इसके साथ ही अगले सत्र में कॉलेजों में सीट बढ़ाने पर भी सहमति बन गयी है. कॉलेज की डिमांड और वहां उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर के आधार पर अधिकतम 10 फीसदी सीट बढ़ेगी. वहीं, स्नातक के लिए सीट बढ़ाने के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय स्तर से इंस्पेक्शन कराने के बाद मंजूरी दी जाएगी.

इस मामले में कुलानुशासक प्रो बीएस राय ने बताया कि अगले सत्र से प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी. वहीं पीजी में सीट बढ़ाने पर भी सहमति बन गयी है. कॉलेजों की डिमांड के आधार पर संबंधित विषयों में अधिकतम 10 फीसदी तक सीट बढ़ायी जाएगी. विवि में सत्र 2018-20 से पीजी में सीबीसीएस लागू है. इसमें प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन का सुझाव दिया गया है. हालांकि अब तक विश्वविद्यालय स्तर से मेरिट लिस्ट से नामांकन लिया जाता रहा है. सत्र 2025-27 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने के प्रस्ताव पर एडमिशन कमेटी ने स्वीकृति दे दी. बैठक में यूएमआइएस को-ऑर्डिनेटर प्रो. टीके डे, मानविकी के डीन प्रो सतीश राय, साइंस के डीन प्रो. शिवानंद सिंह सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद थे.



विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस में नामांकन समिति की बैठक करते कुलपति.

### तीन सदस्यीय कमेटी का होगा गठन

स्नातक सत्र 2025-29 में नामांकन के लिए सीट वृद्धि पर निर्णय इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच के बाद लिया जाएगा. एडमिशन कमेटी की बैठक में कॉलेज की ओर से आए प्रस्ताव पर कुलपति प्रो. राय ने कहा कि इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की जाएगी. कॉलेजों में लैब, कमरा व शिक्षकों की स्थिति देखने के बाद कमेटी आर्ट्स, साइंस या कॉमर्स में सीट बढ़ाने की अनुशंसा करेगी. डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले सीट तय कर ली जाएगी.

**नये पीजी कोर्स के लिए देना होगा शपथ पत्र** : राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने एसकेएमसीएच समेत देश के सभी मेडिकल कॉलेजों को बड़ा निर्देश जारी किया है. आयोग ने कहा है कि जो संस्थान शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नया पीजी कोर्स शुरू करना चाहते हैं, नया यूजी मेडिकल कॉलेज खोलना चाहते हैं या यूजी-पीजी सीटों में बढ़ोतरी करना चाहते हैं, उन्हें शपथ-पत्र देना होगा. यह शपथ-पत्र 100 रुपये के स्टांप पेपर पर नोटरीकृत होना चाहिए. इसे आयोग की वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से 9 मई की शाम 6 बजे तक अपलोड करना अनिवार्य होगा. पीजी मेडिकल एजुकेशन बोर्ड ने सार्वजनिक सूचना में साफ किया है कि तय समय तक शपथ-पत्र नहीं देने वाले संस्थानों का आवेदन स्वतः रद्द मान लिया जायेगा. इस कदम का मकसद मेडिकल शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना है.